>

Title: Request to extend facilities available for NCR to Bharatpur district, Rajasthan in the NCR Area.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): सभापति महोदया, मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करना चाहूँगी । आपने मुझे सदन में बोलने के लिए मौका दिया है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र भरतपुर की तरफ दिलाना चाहूँगी । मेरा संसदीय क्षेत्र भरतपुर वर्ष 2013 में एनसीआर में शामिल कर लिया गया था । मुझे बड़ा दुख है कि मेरे द्वारा कई बार बोलने के बाद और पत्र-व्यवहार करने के बावजूद भी आज तक हमें एनसीआर में शामिल होने का लाभ नहीं मिला है । मैं आपसे गुजारिश करना चाहती हूँ कि एनसीआर की जो भी सुविधाएं हैं, वे भरतपुर जिले को मिले, जिससे भरतपुर जिले में भी विकास की गंगा बह सके ।